**क्रमानुसार प्रक्रिया (Step by Step Procedure of perming)**

**प्रयोग में आने वाला उत्पाद व सामान**



**परमिंग लोशन** (Perming loshan)

**न्यूट्रीलाइजर** (Nutrilizer)

**शैम्पू** (Shempu)

**कंडीशनर** (conditionar)

**शैम्पू कैप** (Shampu Cap)

**रूई** (Cotton)

**खुले दांत व लंबी पूछ वाली कंघी** (Loose combe and tail comb)

**डिस्पोसिबल ग्लवस** (Disposibal glaves)

**एंड पेपर** (end paper)

**स्प्रे बोटल** (spray bottal)

**परमिंग रॉडस** (parming rods)

**टाईमर** (Timer)

**प्लास्टिक क्लिपस** (Plastic Clips)

**प्रोटेक्टिव क्रिम** (Protactive cream)

**तौलिया** (Tawal)

**प्लास्टिक कैप** (Plastic Cape)

**ग्राहक की तैयारी**

1. ग्राहक को आरमदेह अवस्था में बिठाएँ
2. ग्राहक के काम के, गले के, सभी गहनो को उतारकर सुरक्षित स्थान पर रखें।
3. बाल तथा सिर का निरिक्षण करें।
4. कंडीशनर रहित शैम्पू का प्रयोग करें और बाल को तौलिए से पोछें ध्यान रहें के सिर की चमडी को किसी भी तरह से खुरचने से बचें।

**प्रक्रिया :**

1. ग्राहक के बाल का विभाजन
2. 90 डिग्री के कोण पर सभी बाल को छोटे-छोटे विभाजन करें।
3. परमिंग लोशन को रूई की सहायता से अच्छी तरह से बाल पर लगायें और रॉड के ऊपर लपेटें।
4. यदि ग्राहक की त्वचा संवेदनशील है तो बाल रेखा पर सुरक्षात्मक क्रीम लगाकर रूई से सुरक्षा दें।
5. जब रॉड लगाने की प्रक्रिया पूरी हो जाए, पर्मिंग लोशन को दुबारा से रॉड पर लगे हुए बाल पर लगाए।
6. निर्माता के निर्देशानुसार ३० मिनट के पश्चात सबसे पहले लगाई गई रॉड को खोलकर देखें यदि “S” आकार में यदि बाल आ गए है तो रॉड लगे हुए बाल को गुनगुने पानी से धो दें।
7. बाल को तौलिए से लपेटे जिससे पानी निकल जाए।
8. अब न्यूट्रीलाइजर को रूई के फोहे द्वारा प्रत्येक रॉड पर लगाए। 20-30 मिनट तक रखें।
9. जब प्रक्रिया पूरी हो जाए रॉड लगे हुए बाल को अच्छी तरह से धोए जिससे न्यूट्रीलाइजर पूरी तरह से निकल जाए।
10. अब सभी रॉड को एक एक कर के निकाले और खिचाव से बचाएं।
11. घर पर पर्म की देखभाल के लिए ग्राहक को सलाह दें।
12. कार्यस्थल को ठीक से स्वच्छ करने के उपरान्त ही अगली सेवा की तैयारी करें।

## कॉनट्राएक्शन / कॉनट्रा इंडीकेशन (Contra actions / Contra Indication)

### अभ्यास 2.4.05 से सम्बन्धित सिद्धांत

उद्देश्य : इस अध्याय के अंत में आप सीख पायेंगें

- पर्मिंग करने से पहले सुरक्षात्मक सावधनियां
- पर्मिंग करते समय सुरक्षात्मक सावधनियां
- पर्मिंग करने के पश्चात सावधनियां व रखरखाव
- पर्मिंग घर में की जाने वाली देखभाल व रखरखाव
- सुरक्षात्मक सावधनियां।

कॉन्ट्राक्शन एक्शन (Contra - actions)

1. बाल सही से घुंघराले न होने पर
2. अधिक घुंघराले होने पर
3. सिर की चमडी में खुजली या लाल चकते दिखने पर।

कॉन्ट्राइंडिकेशन (Contra - indications)

1. पर्मिंग लोशन का प्रयोग जल्दी-जल्दी नही करना चाहिए। कम से कम तीन महीने का अंतराल आवश्यक है। अन्यथा बाल टूट भी सकते है।
2. रासायनिक पर्मिंग लोशन को हवाबंद बोतल में सुराक्षात्मक स्थान पर रखें।
3. समय-समय पर ग्राहक पर कार्य करते हुए चेक करते रहे।
4. पर्मिंग करने से पहले सिर की चमडी को किसी भी प्रकार से खुरचे नही।
5. रॉड लगाते समय ग्राहक को किसी भी प्रकार का खिचाव महसूस न हो। अर्थात बाल न खिचें अन्यथा टूट जाऐगें।
6. बाल रेखा को सुरक्षात्मक क्रीम व रूई की सहायता से सुरक्षित करें।
7. ध्यान रहे कि पर्मिंग लोशन ग्राहक के आँखो में न जाए।

सुरक्षा के लिए सावधानियाँ (Safety Precautions)

1. अपने ग्राहक के कपडों का हमशा बचाव करना चाहिये। तौलिये को दो तह कर ही लपेटना चाहिये ताकि अगर गलती से मिश्रण छलक जाए तो वह उसे सोख सके।
2. पर्मिंग लोशन को ग्राहक की त्वचा और आँखो से दूर रखना चाहिये। अगर दुर्घटनावश ऐसा कुछ हो जाए तो तुरंत ठण्डे पानी से धोयें।
3. निर्माता के निर्देशों का सदैव पालन करें।
4. पर्म सेवा से पहले बाल व सिर की चमडी का निरीक्षण जरूर करें। अगर त्वचा में कोई घाव या बीमारी के लक्षण नजर आए तो प्रक्रिया तत्काल बंद कर दें।
5. स्थायी पर्मिंग लोश लगाने से पहले ग्राहक के हेयर लाइन और कानों पर रक्षात्मक रोधिका लेप जरूर लगाऐं।
6. सिर पर लगी पर्मिंग रॉड का निरिक्षण करते रहें।
7. प्रकिया के दौरान अपने ग्राहक को कभी अकेला न छोडें।
8. अत्यधिक क्षतिग्रस्त बालों पर भी पर्म का प्रयोग ना करें।
9. ग्राहक की त्वचा तथा कपडो को पूरी तरह से सुरक्षित रखें।

पर्मिंग के बाद की सुरक्षा / घर में कि जाने वाली पर्मिंग की सुरक्षा (Afercare / Homecare)

1. ज्यादातर केश प्रसाधक इस बात की सलाह देते हैं की पर्म कराने के कम से कम 3 दिन ही बालों पर मार्जक या केश के रंग का इस्तेमाल करना चाहिये।
2. पर्म देने के पश्चात कंडीशनर का प्रयोग अवश्य करे।
3. ग्राहक को खुले दातों वाली कंघी का प्रयोग करने को कहे।
4. कम से कम ३ दिन तक बाल पर किसी भी प्रकार का कोई सौंदर्य प्रसाधन या शैंपु इत्यादि का प्रयोग वर्जित है।

होमकेयर (Homecare)

1. ग्राहक को सलाह दे कि वह ३ दिन तक कंघी का प्रयोग नही करेगा।
2. तीन दिन के पश्चात बाल में तेल की मालिश करें, 30 मिनट तक रखें तत्पश्चात गर्म तौलिए से भाप दें।
3. एक घंटे के पश्चात किसी माइल्ड शैम्पू से बाल को धोएं और कंडीशनर लगाए।
4. खुले दातों वाली कंघी से नमी युक्त बालों की कंघी करें।
5. तेज धूप व हवा से बालो को बचाए।